अमर उजाला 29-03-2025

# स्वच्छता रैली निकाल किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में स्वच्छता को लेकर एक रैली आयोजित कि गई। इस दौरान समाज सेविका शालू बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है, चाहे वो उनका घर हो, उनकी वर्क प्लेस हो या समुदाय हो। वहीं कॉलेज में एक्सेल में मास्टरिंग विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को एमएस-एक्सेल के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।




छावनी में स्वच्छता रैली निकालते जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी। कॉलेज